नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# ‘ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान की आर्थिक व्यवस्था…’, PAK वित्त मंत्री ने बताया देश को संभलने मे लंगेगा कितना वक्त ?

Publisher

Published on 13 May 2025



## वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने बताया कि अमेरिका के साथ पाकिस्तान की ट्रेड टॉक चल रही है और वह हाई क्वालिटी की कपास और सोयाबीन आयात करेगा.

पिछले हफ्ते पाकिस्तान के हमलों की नाकाम कोशिशों के जवाब में भारत ने जो कार्रवाई की, उससे पाकिस्तान का काफी ज्यादा नुकसान हुआ है. हालांकि, पाकिस्तानी मंत्री अपने नुकसान को छिपाने के लिए लगातार झूठ बोल रहे हैं. इस बीच पाक वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने देश की आर्थिक हालत को लेकर दावा किया है कि भारत की कार्रवाइयों का देश की आर्थिक स्थिति पर दूरगामी प्रभाव नहीं पड़ेगा और इसी वित्त वर्ष में नुकसान की भरपाई भी कर ली जाएगी.

वैसे पाकिस्तान की कंगाली के बारे में पूरी दुनिया जानती है. बीते शनिवार को ही पाकिस्तान को इंटरनेशनल मोनेट्री फंड (IMF) ने 2.3 बिलियन डॉलर का लोन जारी किया है, जबकि उस पर पहले से ही 73.69 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये का कुल कर्ज है. पाक के कर्ज पर यह जानकारी स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने हाल ही में दी है.

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स से इंटरव्यू में मोहम्मद औरंगजेब ने कहा कि पाकिस्तान की अमेरिका के साथ व्यापार को लेकर बात चल रही है. उनका कहना है कि इस ट्रेड टॉक को लेकर उनको लगता है कि जल्दी ही कुछ प्रगति देखने को मिलेगी. मोहम्मद औरंगजेब ने यह भी कहा कि पाकिस्तान अमेरिका से हाई क्वालिटी की कपास और सोयाबीन इंपोर्ट कर सकता है, साथ ही हाईड्रोकार्बन और अन्य चीजों के आयात पर भी वह विचार कर रहा है.

भारत के साथ तनाव के बीच 10 मई को आईएमएफ ने पाकिस्तान को 2.3 बिलियन डॉलर के लोन को मंजूरी दी थी, जबकि भारत

वोटिंग में शामिल नहीं हुआ था. इस 2.3 बिलियन डॉलर के लोन में से 1 बिलियन डॉलर 7 बिलियन डॉलर के कर्ज की किश्त है. साल 2023 में आईएमएफ ने पाकिस्तान के साथ 7 बिलियन डॉलर के कर्ज के लिए एग्रीमेंट किया था, जो किश्त के तौर पर हर साल उसको दिया जाता है. बाकी का करीब 1.4 बिलियन डॉलर का लोन पाकिस्तान की क्लाइमेट रेजिलिएंस फैसिलिटी के लिए दिया गया है.

मोहम्मद औरंगजेब ने भारत के साथ पिछले दिनों हुई कार्रवाइयों को शॉर्ट ड्यूरेशन एस्केलेशन बताते हुए कहा कि इसका देश की आर्थिक स्थिति पर काफी कम समय के लिए प्रभाव पड़ेगा. इंडस वॉटर ट्रीटी सस्पेंशन पर पाक वित्त मंत्री ने कहा कि इसका तत्काल पाकिस्तान पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है और सरकार भारत के साथ ऐसी कोई वार्ता नहीं करना चाहती है, जिसमें ट्रीटी की बहाली पर चर्चा न होनी हो. उनका मानना है कि इंडस वॉटर ट्रीटी जल्दी ही बहाल कर दी जाएगी.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.